Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 1 अगस्त, 2023

MSME कार्ड

हाल ही में **सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)** ने **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payment Corporation of India- NPCI)** के साथ मिलकर उद्यम पंजीकृत MSME के लिये पूरे भारत में पायलट आधार पर **MSME रुपे क्रेडिट कार्ड** लॉन्च किया।

- MSME रुपे क्रेडिट कार्ड **MSME को उनके व्यवसाय से संबंधित परिचालन खर्चों** जैसे- डिजिटल भुगतान, उपयोगिता बिल भुगतान, कर/वैधानिक भुगतान आदि के लिये एक सरल भुगतान तंत्र प्रदान करता है।
- MSME उधारकर्त्ता बैंक की नीति के अनुसार **अपने व्यावसायिक खर्च पर ब्याज मुक्त ऋण अवधि का लाभ** भी उठा सकते हैं।
- NPCI भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिये एक प्रमुख संगठन, भारत में एक मज़बूत भुगतान और निपटान बुनियादी ढाँचा बनाने के लिये **भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** के प्रावधानों के तहत **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** और **भारतीय बैंक संघ (IBA)** की एक पहल है।

और पढ़ें... MSME के लिये ऋण वृद्धि

महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना (MSSC)

महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना (MSSC) आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में **वित्त मंत्रालय** द्वारा शुरू की गई एक **लघु बचत योजना** है, जिसका उद्देश्य महिला निवेशकों को प्रोत्साहित करना है।

- **बालिकाओं सहित किसी भी आयु वर्ग की महिलाएँ, मार्च 2025 तक दो वर्ष की अवधि के लिये न्यूनतम 1000 रुपए और अधिकतम 2 लाख रुपए जमा के साथ MSSC खाता खोल सकती हैं।**
- इस योजना के तहत अब तक 14,83,980 खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल 8,630 करोड़ रुपए जमा हैं।
- यह योजना **7.5% प्रतिवर्ष की** आकर्षक **ब्याज दर** प्रदान करती है **जिसकी गणना त्रैमासिक रूप से की जाती है,** साथ ही **खाता खोलने के छह माह के बाद किसी भी समय खाते से आंशिक निकासी करने और खाते को समय से पूर्व बंद करने का** प्रावधान है, लेकिन ब्याज दर **2% कम हो जाती है।**

सीमा पार वनाग्नि: ईगल ब्लफ से ओसोयूओस (Osoyoos) और ब्रिटिश कोलंबिया को खतरा है

हाल ही में वॉशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका के वनों से निकली आग, जिसे प्रारंभ में '**लोन पाइन क्रीक**' नाम दिया गया था, कनाडाई प्रांत **ब्रिटिश कोलंबिया** की सीमा पार कर गई है।

- एक अनुमान के मुताबिक तीव्रता से फैलने वाली यह आग कनाडा की 885 हेक्टेयर (2,200 एकड़) और अमेरिका की लगभग 2,000 हेक्टेयर भूमि को कवर करेगी। इसे **'ईगल ब्लफ'** नाम दिया गया है।
    - ब्रिटिश कोलंबिया के साथ-साथ कनाडा के अन्य हिस्से पहले से ही सूखे से जूझ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जुलाई 2023 में **देश में कई वनों में आग** लगी है।
- इस घटना ने **ब्रिटिश कोलंबिया में वर्ष 2021** में लगी वनाग्नि की याद दिला दी, जिसके लिये **उत्तर-पश्चिमी प्रशांत में** हीट डोम को ज़िम्मेदार ठहराया गया था।

और पढ़ें... वनाग्नि, हीट डोम

कोविड-19 राहत के लिये MPLADS फंड आवंटन

हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने **राज्यसभा** में एक लिखित उत्तर के दौरान संसद सदस्यों को स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

- MPLADS योजना संसद सदस्यों (सांसदों) को स्थानीय स्तर पर महसूस की गई**ज़रूरतों के आधार पर टिकाऊ सामुदायिक संपत्ति के निर्माण पर ज़ोर देने** के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों की अनुशंसा करने में सक्षम बनाती है।
- MPLAD योजना के अंतर्गत **वार्षिक आवंटन वित्तीय वर्ष 2011-12 से अपरिवर्तित** रहा है।
- हालाँकि कोविड-19 महामारी के प्रत्युत्तर में **वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा वर्ष 2021-22 के लिये MPLADS फंडिंग से 6,320 करोड़ रुपए वित्त मंत्रालय को आवंटित** किये गए थे।



[//]()

और पढ़ें... [संसद सदस्यों को स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS)]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-1-august,-2023